2021

HINDI — HONOURS

Paper : CC-3

(Aadikaleen evam Madhyakaleen Hindi Kavita)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) जायसी की प्रमुख दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ख) 'विद्यापति' की किन्हीं दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(ग) कबीर के गुरु का नाम लिखते हुए उनकी वाणी के संग्रह का नाम लिखिए।

(घ) सूरदास के गुरु कौन थे? सूरदास की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ङ) 'कवितावली' किसकी रचना है? उसकी भाषा क्या है?

(च) रसखान की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(छ) मीरा किस काल की कवयित्री हैं? उनकी काव्य-भाषा क्या है?

(ज) बिहारी किस काल के कवि हैं? उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(झ) घनानद किस काव्य-धारा के कवि हैं? उनकी किसी एक प्रमुख रचना का नाम लिखिए।

(ञ) रहीम का पूरा नाम लिखिए। उनके किसी एक ग्रंथ का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *तीन* आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) तुलसीदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) मीरा की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ग) पद्मावत के 'मानसरोदक खंड' की समीक्षा कीजिए।

(घ) रसखान की कृष्ण-भक्ति पर प्रकाश डालिए।

(ङ) कबीर की भक्ति का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

3. किन्हीं *तीन* प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3

(क) विद्यापति के काव्य में श्रृंगार।

(ख) सूरदास की वात्सल्य भावना।

(ग) कवि बिहारी की भाषा।

(घ) रहीम का नीति काव्य।